(b) if so, at what stage the project rests now ; and

(c) the details and full facts of the project ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) Naihati and Budge-Budge are already connected by a railway line via Scaldah.

(b) and (c). Do not arise.

टाटा इंजीनियरिंग लोकोमोटिव कम्पनी को दिये गये वैगन

3357. श्री रुद्र प्रताप षाड़ंगी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवम्बर, 1980 से जनवरी, 1981 की अवधि के दौरान माल उतारने के लिए टाटा इंजीनियरिंग लोकोमोटिव-कम्पनी और टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी को बिहार में दक्षिण पूर्व रेलवे में टाटा नगर रेलवे स्टेशन यार्ड से सभी प्रकार के कितने भरे हुए रेलवे वैगन दिये गये थे। उनमें कितना माल भरा गया था और कम्पनियों से टाटा नगर यार्ड को खाली वैगन कब लौटये गये थे ;

(ख) माल लादने के लिए कितने खाली वैगन सप्लाई किये गये थे और ये भरे हुए वैगन टाटा नगर रेलवे यार्ड में कब वापस आए थे ; और

(ग) इन वैगनों का ब्यौरा क्या है और इनकी संख्या कितनी है और टाटा नगर रेलवे यार्ड से कम्पनियों को ये वैगन किन-किन तारीखों को भेजे गये थे और वहां से इनके वापस आने की तारीखें क्या हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

कोयले की कमी के कारण रद्द की गई रेल गाड़ियां

3358. श्री अशोक गहलौत : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोयले की कमी के कारण उत्तर रेलवे की अनेक रेल गाड़ियों को रद्द कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके परिणाम-स्वरूप वहां के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) उत्तर रेलवे के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक डिवीजन के अन्तर्गत सरकार द्वारा रद्द की गई रेल गाड़ियों की संख्या कितनी है और उसका पूरा ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार इन गाड़ियों को पुनः चलाए जाने के प्रश्न पर विचार कर रही है ;

(ङ) यदि हां, तो कब तक; और

(च) यदि नहीं तो तत्सम्बन्धी कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख). कुछ समय से देश में भाप कोयले की समग्र उपलब्धता रेलों और उद्योगों की संयुक्त आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त नहीं रही है। इसलिए उत्तर रेलवे सहित, रेलों को कुछ चुनींदा गाड़ियां रद्द करनी पड़ी लेकिन केवल